बाह्य आमंत्रित सदस्यों के साथ IQAC बैठक दि· 10/08/2020

बाह्य आमंत्रित सदस्यों के साथ IQAC सदस्यों की बैठक का आयोजन दि· 10/08/2020 को रखी गयी जिसमें निम्न सदस्य एवं बाह्य आमंत्रित गण उपस्थित रहे

1 डॉ· पी·के जैन प्राचार्य
2 श्री सुरेन्द्र मित्तल जी उद्योगपति (आमंत्रित सदस्य)
3 श्री संजय जैन उद्योगपति (आमंत्रित सदस्य)
4 अंकिता जैन छात्रा
5 डॉ· प्रदीप शर्मा संयोजक IQAC
6 डॉ विनीता सिंह चौधरी सदस्य IQAC
7 डॉ अल्पना त्रिवेदी " "
8 डॉ प्रमोद वर्मा " "
9 डॉ हरभजन कौर " "
10 डॉ जे·के· परमार " "
11. डॉ शाहीन गनी

बैठक में विचार विमर्श के उपरान्त निम्नलिखित भावी योजना तैयार की गयी –

(1) पूर्व छात्र संगठन (Alumni Association) का पंजीकरण करवाया जाए।
(2) लाईब्रेरी में पूर्ण आटोमेशन लागू किया जाये तथा लाईब्रेरी हेतु नई बिल्डिंग का निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया जाए।
(3) छात्रों के लिए फोटोकापी की सुविधा प्रदान करने हेतु कालेज परिसर में व्यवस्था की जाए एवं इसका संचालन किसी दिव्यांग को सौंपा जाए।
(4) केन्टीन के उन्नयन हेतु प्रस्ताव तैयार किया जाए।
(5) महाविद्यालय की कक्षा बिल्डिंग में स्थित सेमीनार हाल का उन्नयन किया जाए तथा महाविद्यालय परिसर में स्थित सायकलस्टैंड का भी उन्नयन किया जाए।
(6) आंतरिक मूल्यांकन कार्य हेतु ऑनलाईन सुविधा का उपयोग पर जोर दिया जाए।
(7) महाविद्यालय की वेबसाईट को अपग्रेड करने के साथ-साथ M.I.S की व्यवस्था की जाए।
(8) L.M.S (Learning Mgt. System) प्रस्ताव तैयार किया जाए ताकि इसे शीघ्र लागू किया जा सके।

(9) TAlly आधारित G.S.T सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम तथा इतिहास विभाग के अंतर्गत आर्कियोलॉजी आधारित प्रमाणपत्र कार्यक्रम हेतु प्रस्ताव तैयार किया जाए।

(10) महाविद्यालय से जारी होने वाली शोध पत्रिका (जर्नल) तथा वार्षिक पत्रिका में छात्रों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा शोध समिति द्वारा शोध पत्रों की जाँच एवं मानीटरिंग की व्यवस्था की जाए।

(11) छात्रों के लिए N.R.C में उम्मीदवारों की संख्या में वृद्धि की जाए।

(12) पूर्व छात्रों (Alumni) का अकादमिक तथा वित्तीय सहयोग प्राप्त हो इसके प्रयास किया जाए। वर्तमान छात्रों एवं पूर्व-छात्रों के बीच सतत संवाद हो इसका प्रयास किया जाए।

(13) आमंत्रित सदस्यों द्वारा नैक SSR की तैयारियों की जानकारी ली गई एवं संतोष व्यक्त किया गया।

10.9.20

वर्ष 2019-20 की Action Taken रिपोर्ट दि. 05/09/2020

वर्ष 2019-20 हेतु निर्धारित लक्ष्यों के संदर्भ में एक बैठक IQAC सदस्यों के बीच आयोजित की गई। जिसका मुख्य उद्देश्य वर्ष 2019-20 में निर्धारित लक्ष्यों व उद्देश्यों के अमल का आकलन करना था। बैठक 05/9/2020 को दोपहर 12.00 IQAC कक्ष में आयोजित की गई जिसमें निम्न सदस्यगण उपस्थित रहे –

(1) प्राचार्य डॉ. पी.के.जैन
(2) डॉ. प्रदीप शर्मा संयोजक IQAC
(3) डॉ. विनीता सिंह चौधरी सदस्य IQAC
(4) डॉ. अल्पना त्रिवेदी " "
(5) डॉ निवेदिता मुकर्जी " "
(6) डॉ. हरभजन कौर खनूजा " "
(7) डॉ. प्रमोद वर्मा " "
(8) डॉ. शाहीन गनी " "
(9) डॉ जितेन्द्र परसार " "

बैठक में 2019-20 के लक्ष्यों पर गहन विचार विमर्श कर निम्नानुसार अमल प्रतिवेदन तैयार किया गया –

(1) छात्रों के फीडबैक को दृष्टिगत रखते हुए महाविद्यालय के स्टॉफ के जो भी सदस्य अध्ययन मण्डल के सदस्य / अध्यक्ष हैं, उनके द्वारा पाठ्यक्रम निर्माण के समय सुझाव प्रस्तुत किये गये।
(2) चित्रकला विभाग को विश्व बैंक फंड के माध्यम से उत्कृष्ट विभाग बनाने का प्रयास जारी है।
(3) वर्ष 2019-20 में महाविद्यालय के बहुउद्देशीय हॉल को अपग्रेड किया गया है। वर्तमान में यह हॉल कार्यक्रमों हेतु उपलब्ध है।
(4) रूसा के सहयोग से 3 स्मार्ट क्लास तैयार हो चुकी हैं।
(5) लाईब्रेरी हेतु नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य प्रगति पर है।
(6) N.S.S द्वारा गोद ग्राम लिनोनी सड़क में समय-समय पर हेल्थ चैक तथा रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया।
(7) वाणिज्य ~~विभाग~~ विभाग एवं इतिहास विभाग द्वारा राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया तथा राजनीति शास्त्र, इतिहास तथा भूगोल विभाग द्वारा विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान का आयोजन किया गया।
(8) ग्रीन आडिट सम्पन्न किया तथा MSME से शासन द्वारा M.O.U किया गया।

5.9.20

IQAC बैठक

दि० 05/09/2020.

आज दि० 05/09/2020 को दोपहर 12:00 बजे IQAC के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य दि० 27/08/2020 को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा म.प्र. के 54 महाविद्यालयों के IQAC संयोजकों व प्राचार्यों के साथ आयोजित वेबीनार में दिए गये दिशा निर्देशों के सम्बंध में विचार विमर्श करना तथा निर्देशानुसार आगामी तीन माह में SSR तैयार करने संबंधी तैयारियों की समीक्षा करना है। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे-

(1) डॉ. प्रदीप शर्मा
(2) डॉ विनीता सिंह चौधरी
(3) डॉ. अल्पना त्रिवेदी
(4) डॉ. प्रमोद वर्मा
(5) डॉ. जे. के. परमार

बैठक में विचार विमर्श करके निम्न निर्णय लिए गये -

(1) शासन द्वारा डॉ. रुचिरा चौधरी को मास्टर फेसिलिटेटर नियुक्त गया।
(2) महाविद्यालय की SSR को दि. 31/12/2020 तक अनिवार्य रूप से तैयार करके भेजना।
(3) गूगल फार्म पर क्रीडा अधिकारी, लाइब्रेरियन तथा लेखापाल संबंधी जानकारी जो कि शासन द्वारा चाही गयी थी, उसे भेजा गया।
(4) महाविद्यालय में होने वाली प्रत्येक गतिविधि का रिकार्ड संधारण करना तथा प्रत्येक मीटिंग के मिनिट्स को वेबसाईट पर अपलोड करना।
(5) महाविद्यालय से संबंधित समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरें तथा प्रत्येक गतिविधि के फोटो IQAC में संधारित किए जायेंगे।
(6) प्रत्येक मापदण्ड (क्राईटेरिया) से संबंधित गतिविधियों का फीडबैक आवश्यक रूप से होना चाहिए।
(7) पूर्व छात्र संगठन (एलुमनाई) का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए।
(8) पूर्व-छात्र संगठन (Alumni) की बैठक में फीडबैक रखवाकर उनके आमंत्रित सुझावों पर महाविद्यालय में रणनीति बनायी जाए।

(9) महाविद्यालय में सम्पन्न होने वाली प्रत्येक गतिविधि IQAC के अंतर्गत सम्पन्न होगी।
(10) सभी फीडबैक (छात्र, शिक्षक, अभिभावक, पूर्व छात्र एवं अन्य लाभार्थी हितधारी) का विस्तृत विश्लेषण करते हुए उसका ग्राफिक प्रजेंटेशन किया जायेगा।
(11) महाविद्यालय का मिशन व विजन स्टेटमेन्ट तैयार किया जाए।
(12) महाविद्यालय की दो बेस्ट प्रेक्टिस तय की जाये तथा विगत 5 वर्षों की बेस्ट प्रेक्टिस को निरन्तर जारी रखा जाए।
(13) महाविद्यालयीन स्टॉफ तथा छात्रों को महाविद्यालय का मिशन व विजन स्टेटमेन्ट तथा बेस्ट प्रेक्टिस की जानकारी होना चाहिए।
(14) IFMIS - को पूरी तरह से लागू करना है।
(15) कम से कम 5 Value added Courses इस सत्र में शुरू किया जाना है।
(16) प्रत्येक विभाग में कम से कम 2 रिसर्च प्रोजेक्ट होना आवश्यक है।
(17) Criteria - 1.
- प्रत्येक शिक्षक का टीचिंग प्लानर बनना अनिवार्य है
- रेमेडियल कक्षाएं अनिवार्य रूप से नियमित संचालित हों
- महाविद्यालय के मुख्य टाईम टेबल में NCC, NSS तथा Sports व प्रतियोगी कक्षाओं के लिए समय आरक्षित रहेगा।
- टीचिंग प्लानर की मानीटरिंग IQAC संयोजक एवं प्राचार्य द्वारा की जायेगी।
(18) Criteria 2
- प्रत्येक विभाग एडवांस लर्नर व स्लो लर्नर की पहचान करके सूची बनाये तथा इनके लिये उपयोग की जाने वाली विधियां, प्रक्रिया की जानकारी सप्रमाण प्रदान करें।
- यह सुनिश्चित किया जाए कि अधिकांश शिक्षण कार्य स्मार्ट क्लास के माध्यम से हो।
- प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों की कोचिंग को बढ़ावा देना है।
- दिव्यांगों की सुविधा के लिए महाविद्यालय में क्या व्यवस्था है तथा उनको और अधिक लाभ कैसे दिया जा सकता है इसकी जानकारी प्रत्येक विभाग द्वारा कार्ययोजना के माध्यम से प्रदान की जाए।
- Teaching & Learning में Group teaching में Skill value

Experiential learning एवं Collaborative learning को शामिल किया।

- Internal Asesment का रिकार्ड प्रत्येक विभाग द्वारा संधारित किया जाए

- SSS को तीन माह में पूर्ण किया जाना है।

(19) Criteria - 3

- प्रत्येक शिक्षक को कम से कम एक रिसर्च पेपर प्रकाशित कराना है तथा पुस्तक लेखन का भी प्रयास किया जाए।
- वेबीनार एवं वर्कशॉप का आयोजन (ie IPR एवं Innovation Practice) किया जाए तथा उसका फीडबैक 15 दिवस के अन्दर दिया जाए।
- प्रत्येक विभाग MOU का प्रयास करें।

(20) Criteria - 4

- प्रकर्ष में महाविद्यालय की गतिविधियां छपवायी जाये।
- सभी समितियां अपना तीन माह की कार्ययोजना बनाये तथा उसका Action taken तथा Feedback लिया जाये (विशेष रूप से शिकायत निवारण, एंटी रेगिंग, महिला उत्पीडन, केरियर कांउसिलिंग, NSS, NCC, Sports, Liabrary, शिक्षक अभिभावक हर 6 माह में एक बैठक आवश्यक रूप से करें)
- सामाजिक उत्थान के लिए छात्रों में जागरूकता पैदा करने के लिए गतिविधियां आयोजित की जाए।
- शिक्षक अभिभावक योजना के माध्यम से Student Traking Plan तैयार किया जाए ताकि महाविद्यालय छोड़ने के उपरान्त भी एक वर्ष तक उससे सम्पर्क रखा जासके।

(21) Criteria - 5

- छात्रों की क्षमता प्रोत्साहित करने हेतु कार्ययोजनाएँ तैयार करें। मुख्य रूप से Soft Skill Devlopmt, Language Lab, Yoga Meditation इत्यादि के सम्बंध में कार्य योजना तैयार की जाए
- Student Progression का औसत प्रतिशत के आधार पर ग्राफिक प्रदर्शित

(22) Criteria - 6

- ई-गवर्नेंस को लेखा, वित्त, योजना एवं विकास में लागू करना

- Faculty Empowerment Stretegy (Teaching & Non teaching) तैयार करना
- वित्तीय अंकेक्षण किया जाना (AAA)
- Post Accreditation Quality Initiative लागू करना

Criteria 7

- Best & Gender Equity, Innovation practice and best Practice (सोलर एनर्जी, विंड एनर्जी, वेस्ट मेनेजमेण्ट, वाटर रिचार्ज, प्लांटेशन, No Mobile zeone, प्लास्टिक फ्री जोन, नो स्मोकिंग जोन, क्वालिटी व ग्रीन आडिट, कोड आफ कंडक्ट,) इन बिन्दुओं के संबंध में की गई गतिविधियों का रिकार्ड संधारण करना।
- वेबसाईट पर गेस्ट लेक्चर्स के व्याख्यान अपलोड करना
- प्रति सप्ताह IQAC की बैठक संपन्न हो।

(signature) 5.9.20

आवश्यक बैठक 19.10.20

आज दिनांक 19.10.20 को IQAC की एक आवश्यक बैठक विभागाध्यक्षों के साथ आयोजित की गई इस बैठक में निम्न विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

1. डा. प्रभा भट्ट 19/10/2020
2. डा. रचना मिश्रा 19/10/2020
3. डा. सुनीता कौरव
4. डा. सोना शुक्ला 19.10.2020

उक्त बैठक में IQAC समन्वयक द्वारा सभी से अ: एजेंडा बिन्दु के अनुसार सभी को जानकारी भर कर 27.10.20 तक सभी को आवश्यक रूप लाने को कहा गया।

इस बैठक में सभी विभागाध्यक्षों से प्लानर बनाने के कहा गया।

टाइमटेबल समिति से बीच के समय में प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी हेतु समय सारिणी बनाने को कहा गया।

- प्रारूप के अनुसार जानकारी भरना अनिवार्य है।
- इस बैठक में रिसर्च प्रोजेक्ट एवं रिसर्च पेपर हेतु मोटिवेट करने को कहा गया।
- स्लो लर्नर और एडवांस लर्नर हेतु किस्मीयेंग का आयोजन एवं ~~उनकी~~ उनकी पहचान करना।
- विभाग ने ICT का इस्तेमाल कैसे किया गया।
- फोटो, सूचना बोर्ड लगाया जाना आवश्यक है।
- विभाग की 5 वर्षों की फोटो गेलरी बनाना।
- विभाग का रिजल्ट (पी.जी.) का विभागाध्यक्षों से गत 5 वर्षों का रिजल्ट प्रारूप में दिया जाना है।

19.10.20

20.10.20

## आवश्यक बैठक

आज दिनांक 20.10.20 को IQAC की एक आवश्यक बैठक विभागाध्यक्षों के साथ आयोजित की गई, इस बैठक में निम्न विभागाध्यक्ष उपस्थित रहें।

डा. रजनी गुप्ता [signature] 20.10.2020
प्रो. संगीता सक्सेना [signature] 20.10.2020
डा. जे.एस. दुबे [signature] 20.10.20
डा. गीता गुप्ता [signature] 20/10/2020
डा. विकास जाउलकर [signature]

- उक्त बैठक में IQAC समन्वयक द्वारा नैक की गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। सभी को ए एजेंडा बिंदु के अनुसार आवश्यक जानकारी भरकर 27.10.20 तक लाने को कहा गया है।
- पाठ्यक्रम की प्रतिलिपि विभागाध्यक्ष IQAC को उपलब्ध करवायेंगें। प्लानर भी वेबसाइट हेतु उपलब्ध करवायेंगें। रिसर्च प्रोजेक्ट एवं रिसर्च पेपर हेतु मोटिवेट करना। स्लो लर्नर एवं एडवांस लर्नर हेतु विभाग में क्या कार्यवाही की गयी।
- दिव्यांग छात्रों हेतु क्या प्रयास किये गये है।
- ITC का उपयोग कैसे किया जा रहा है।
- विभाग की गतिविधियों की फोटो, पेपर की कटिंग व अन्य सूचनाओं को बताना है।
- Online क्लास की जानकारी विभाग में सुरक्षित रखी जाय।
- विद्यार्थियों का प्रोग्रेशन रिकार्ड भी उपलब्ध करवाया जायेगा।
- इन्टर्नशिप की जानकारी।
- CCE की जानकारी।
- विभाग द्वारा की जाने वाली विशेष उपलब्धि. विशेष गतिविधि की जानकारी।
- SSS की जानकारी समन्वयक द्वारा विभागाध्यक्षों को दी गई।
- प्राचार्य महोदय द्वारा सभी को समय-सीमा हेतु आगाह किया गया।

[signature] 20.10.20

आवश्यक बैठक 21-10-20

आज दिनांक 21.10.20 को IQAC की एक आवश्यक बैठक विभागाध्यक्षों के साथ आयोजित की गई इस बैठक में निम्न विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

1. डा. एच.आर. रैदास
2. डा. एम.आय. मसूद
3. डा. आलोक भावसार
4

उक्त बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई।
समन्वयक द्वारा एजेंडा बिन्दु की जानकारी विस्तार से प्रदान की गई। अगला बुधवार को सभी अपनी जानकारी IQAC सेल को दे देवें।

21.10.20

IQAC बैठक दि. 18-11-2020

आज दि. 18.11.20 को IQAC की एक आवश्यक बैठक म.प्र. शासन की आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश Output Indicator-3- NAAC एवं राज्य स्तरीय नैक प्रकोष्ठ के तहत नैक मूल्यांकन के तारतम्य आयोजित की गई। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे—

1- प्राचार्य - डॉ. पी. के. जैन
2 संयोजक - डॉ प्रदीप शर्मा
3 सदस्य डा विनीता सिंह चौधरी
4 " डॉ. अल्पना त्रिवेदी
5 " डॉ प्रमोद वर्मा
6 " डॉ जे.के. परमार, डा. आलोक भावसार
7 " डॉ शरद तिवारी (8) डॉ आर.एस. नरवरिया
(9) लेखापाल श्री विनोद सिंह

इस बैठक में राज्य शासन एवं राज्यस्तरीय नैक प्रकोष्ठ द्वारा दिए गये दिशा-निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए SSR की तैयारी एवं संबंधित जानकारी प्रेषित करने के संबंध में विचार करते हुए निम्नानुसार निर्णय लिए गये—

(1) महाविद्यालय की सत्र 2019-20 के में सम्पन्न की गई निम्न दो बेस्ट प्रेक्टिस पर चर्चा की गयी।

(2) राज्य स्तरीय नैक प्रकोष्ठ द्वारा प्राप्त पत्र में चाही गयी जानकारी भेजनी सुनिश्चित करने हेतु निम्न लिखित को जानकारी (सूचना) दी गई (1) लाईब्रेरियन (2) प्रभारी पूर्व छात्र संगठन, (3) प्राचार्य (महा. की रंगाई पुताई मरम्मत आदि) (4) लेखापाल (5) सामुदायिक सेवा संबंधी जानकारी हेतु डॉ आर. एस नरवरिया (6) क्रीड़ा अधिकारी (7) SSR क्राईटेरिया प्रभारी IQAC के सदस्य।

(3) राज्य स्तरीय नैक प्रकोष्ठ द्वारा दि 23-11-2020 से 22-12-2020 तक इस संबंध में मीटिंग का आयोजन किया जा रहा है, इसकी सूचना सभी संबंधित पक्षों को दी गई एवं बैठक में शामिल होने हेतु सूचित किया गया।

(4) महाविद्यालय का नया विजन एवं मिशन तैयार करने हेतु प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

(5) डॉ आलोक भावसार के सुझाव को दृष्टिगत रखते हुए भित्ति चित्रण को व्यक्तित्व विकास की विधा के रूप में बेस्ट प्रेक्टिस की श्रेणी में रखा जाए।

18.11.20

82

IQAC बैठक दि. 05/01/2021

आज दि. 05/01/2021 को IQAC की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें निम्नांकित सदस्य उपस्थित रहे -

1- डा. प्रदीप शर्मा संयोजक IQAC [signature]
2- डॉ. विनीता सिंह चौधरी सदस्य IQAC [signature]
3- डॉ. अल्पना त्रिवेदी " [signature]
4- डॉ. निवेदिता मुकर्जी " [signature]
5- डॉ. प्रमोद वर्मा " [signature]
6- डॉ. हरभजन कौर " [signature]
7- डॉ. सुमंगला पटेरिया " [signature]
8 डॉ. शाहीन रानी " [signature]
9 - डॉ. जे. के. परमार " [signature]

बैठक में निम्नांकित विषयों पर विचार विमर्श किया गया -

(1) नैतिक मूल्य, लैंगिक मुद्दे, आचरण संहिता तथा पर्यावरण सुरक्षा जैसे विषयों (Cross cutting issue) पर सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने हेतु विभागाध्यक्षों के माध्यम से विश्वविद्यालय को प्रस्ताव भेजा जाए। पर्यावरण - भूगोल विभाग, नैतिक मूल्य - भाषाविभाग, आचरण संहिता - दर्शन शास्त्र विभाग तथा लैंगिक मुद्दे पर समाजशास्त्र विभागाध्यक्षों द्वारा प्रस्ताव तैयार किये जाए।

(2) प्रवेश समिति प्रवेशित छात्रों से संबंधी आंकडों का पूर्ण विश्लेषण करके उनका संपूर्ण रिकार्ड रखें। सभी विभागाध्यक्ष निम्नानुसार कार्य / व्यवस्था करेंगे -
(1) Advance and Slow learners को चिन्हित करना
(2) सी.सी.ई हेतु सभी विधाओं का उपयोग करते हुए उनका रिकार्ड संधारित करना
(3) सी.सी.ई की उत्तरशीट को छात्रों में प्रदर्शन हेतु सूचना लगाना व स्थान निर्धारित करना।
(4) सभी विभाग प्रोग्राम आउटकम्स, कोर्स आउटकम्स तथा Program specific outcomes को विभाग के बाहर दर्शाए तथा वेबसाईट हेतु उपलब्ध कराना

(3) दिव्यांग छात्र कल्याण हेतु निम्नानुसार प्राध्यापकों की समिति का गठन किया जाए -
(1) डॉ. एम. आई. मसूद
(2) डॉ दीप्ति बिसवास
(3) डॉ. सविता केवर

(4) सभी समितियों को वर्ष के प्रारंभ में Plan of Action, तथा वर्ष के अन्त में Outcomes एवं Action Taken Report देना होगी।

(5) रिसर्च समिति द्वारा नीति (Policy) तैयार करना

(6) जनभागीदारी में बाहरी व्यक्तियों, उद्योगपतियों, व समाज के वरिष्ठ लोगों को शामिल करना तथा फिक्स जनरेट करना।

(7) इतिहास विभाग गांधी चेयर हेतु प्रस्ताव तैयार करें।

(8) कैरियर प्लेसमेण्ट प्रकोष्ठ छात्रों का कौशल विकसित करने हेतु पालिसी निर्धारित करें साथ ही अधिक से अधिक एम. ओ. यू. की व्यवस्था करना।

(9) महाविद्यालय में I.P.R प्रकोष्ठ का गठन करना तथा वेबीनार आयोजित करना

(10) मनोविज्ञान विभाग में काउंसिलिंग सेन्टर की व्यवस्था की जाए।

(11) सांस्कृतिक एवं क्रीडा से जुड़ी गतिविधियों को बढावा देने हेतु क्लब का गठन किया जाए।

(12) Corporate Social Responsibility के क्षेत्र में Internship हेतु बैंक, कारपोरेट हाउस तथा उद्योगों से सम्पर्क किया जाए तथा M.OU. किया जाए।

(13) सभी समितियों में छात्रों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए।

(14) महाविद्यालय के शैक्षणिक तथा अशैक्षणिक स्टॉफ हेतु आचरण संहिता तैयार करने हेतु समिति का गठन किया जाए।

(15) Infrastructure Maintenace Policy तैयार की जाए। यह कार्य संबंधित समिति द्वारा किया जाए।

(16) IT समिति का गठन किया जाए जोकि IT Policy तैयार करेगी।

(17) महाविद्यालय की सभी समितियों ~~केका~~ पालिसी तैयार करना

[signature] 05.01.21

विभागाध्यक्ष बैठक दि. 15/01/2021

आज दि. 15/01/2021 को नैक रिपोर्ट के संबंध में महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्षों तथा विभिन्न समितियों के संयोजकों की एक आवश्यक बैठक दोपहर 2.00 बजे वर्चुअल क्लास रूम में आयोजित की गयी। जिसमें उपस्थिति निम्नानुसार रही -

डॉ. पी.के जैन प्राचार्य
डॉ. प्रदीप शर्मा संयोजक IQAC 15/1/2021
डॉ. विनीता सिंह चौधरी सदस्य IQAC
डॉ. प्रमोद वर्मा —॥—
डॉ. निवेदिता मुखर्जी —॥—
डॉ. हरभजन कौर —॥— H.K
डॉ. जे.के. परमार —॥— 15/1/21
Dr. Shamim Ghani —॥—

विभागाध्यक्ष

1. डा. प्रभा भट्ट विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र 15.1.21
2. डॉ. सुनीता कौरव " समाज शास्त्र
3. डा. रजनी गुप्ता भूगोल 15.1.21
4. डा. विकास जाउलकर " अंग्रेजी 15.01.2021
5. डॉ. आलोक भावसार " चित्रकला 15.1.21
6. डॉ. जे. एस. दुबे " दर्शनशास्त्र 15.01.2021
7. डा. संगीता सक्सेना " मनोविज्ञान
8. डा. पुष्पलता चौकसे " वाणिज्य 15.1.2021
9. डॉ. फरजाना गजाल " उर्दू 15.01.2021
10. डॉ. इफ्तेखार मसूद " अरबी 15.1.21
11. डॉ. सरोज श्रीवास्तव इतिहास 15.1.2021

~~12. Dr. Shamim Ghani~~

12. डॉ. नीरजा भारद्वाज स्वा विवेकानन्द समिति N.Bhardwaj
13. डॉ. शांति श्रीवास्तव रेमेडियल कक्षा समिति 15/1/21
14. संगीता वी. सक्सेना 15.1.21
15. Suneeta Kaurav 15.1.21 15.01.21

बैठक प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सभी विभागाध्यक्षों एवं समिति संयोजकों को नैक SSR से संबंधित वांछित जानकारी प्रदान की गयी एवं प्राचार्य तथा IQAC संयोजक द्वारा वांछित जानकारी संबंधी हिदायतें दी गईं। प्राचार्य द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी संबंधित वांछित जानकारी

दि. 20/1/2021 तक आवश्यक रूप से IQAC में जमा करें।

15.1.21

दि. 05/02/2021

## बाह्य आमंत्रित सदस्यों के साथ IQAC बैठक

IQAC की एक बैठक बाह्य आमंत्रित सदस्यों के साथ दि. 05/02/2021 को दोपहर 12.00 बजे IQAC कक्ष में आयोजित की गयी जिसमें उपस्थिति निम्नानुसार रही –

(1) डॉ. पी. के. जैन प्राचार्य
(2) श्री संजय जैन जी उद्योगपति (आमंत्रित सदस्य)
(3) श्री सुरेन्द्र मित्तल जी उद्योगपति (आमंत्रित सदस्य)
(4) अंकिता जैन छात्रा
(5) डॉ. प्रदीप शर्मा संयोजक IQAC
(6) डॉ. विनीता सिंह चौधरी सदस्य IQAC
(7) डॉ. अल्पना त्रिवेदी " "
(8) डॉ. निवेदिता मुकर्जी " "
(9) डॉ. हरभजन कौर सलूजा " "
(10) डॉ. शाहीन गनी " "
(11) डॉ. जितेन्द्र परमार " "

आज दि. 05/02/2021 को IQAC के सदस्यों तथा बाह्य आमंत्रित सदस्यों की बैठक आयोजित की गयी जिसकी कार्यवाही विवरण इस प्रकार है –

(1) बाह्य आमंत्रित सदस्यों द्वारा महाविद्यालय परिसर का भ्रमण कर लाईब्रेरी की निर्माणाधीन इमारत का जायजा लिया।
(2) रूसा बिल्डिंग में पूर्ण सुसज्जित सेमीनार हाल का अवलोकन किया।
(3) बहुउद्देशीय हाल का भी अवलोकन माननीय आमंत्रित सदस्यों द्वारा किया गया।
(4) महाविद्यालय परिसर में स्थित व्यायामशाला के उन्नयन कार्य की प्रगति का अवलोकन किया गया।
(5) चित्रकला विभाग हेतु तैयार हाल की स्थिति का अवलोकन किया गया।
(6) माननीय आमंत्रित सदस्यों द्वारा उपर्युक्त उल्लेखित सभी तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया गया।
(7) माननीय आमंत्रित सदस्यों को नैक से संबंधित तैयारियों की जानकारी प्रदान की गई। जिस पर उनके द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई।

5.2.21

दि.
IQAC की आंतरिक बैठक 08/03/2021

IQAC सदस्यों की आंतरिक बैठक दि 08/03/21 को दोपहर 12.00 बजे IQAC कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें उपस्थिति निम्नानुसार रही -

(1) डॉ. पी.के. जैन प्राचार्य
(2) डॉ. प्रदीप शर्मा संयोजक IQAC [signature]
(3) डॉ. विनीता सिंह चौधरी सदस्य IQAC [signature]
(4) डॉ. अल्पना त्रिवेदी " " [signature]
(5) डॉ. प्रमोद वर्मा " " [signature]
(6) डॉ. हरभजन कौर सलूजा " " [signature]
(7) डॉ. निवेदिता मुकर्जी " " [signature]
(8) डॉ. सुमंगला पटेरिया " " [signature]
(9) डॉ. शाहीन रानी " " [signature]
(10) डॉ. जे.के. परमार " " [signature]

बैठक में NAAC की S.SR. तैयारियों के संबंध मे तथा IIQA के संबंध में निम्नानुसार कार्यवाही की गई -

(1) उच्चशिक्षा विभाग म.प्र. शासन द्वारा महाविद्यालय को यथाशीघ्र IIQA भेजने हेतु निर्देशित किया गया है अतः संयोजक IQAC द्वारा एक सप्ताह के अन्दर IIQA भेजने हेतु सदस्यों को निर्देशित किया गया।

(2) उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सतत रूप से NAAC S.SR संबंधी तैयारियों को मॉनिटर किया जा रहा है अतः संयोजक द्वारा सभी सदस्यों को अपने-अपने क्राइटेरिया को अपडेट रखने हेतु निर्देशित किया गया।

(3) प्राचार्य एवं संयोजक द्वारा इस बात पर जोर दिया गया कि IIQA तथा SSR संबंधी जानकारियां एवं दस्तावेज यथाशीघ्र एकत्र किए जाएं क्योंकि IIQA प्रेषित करने के पश्चात 45 दिनों अंदर SSR भेजना अनिवार्य है।

(4) यह तय किया गया कि दि. 16-03-2021 को IIQA भेजी जायेगी। IIQA भेजते समय सभी सदस्य IQAC कक्ष में उपस्थित रहें यह निर्देशित किया गया।

IQAC बैठक दि. 17/03/2021

IQAC की आंतरिक बैठक दि. 17/03/21 को आयोजित की गई जिसमें उपस्थिति निम्नानुसार रही -

(1) डॉ. पी. के. जैन प्राचार्य
(2) डॉ. प्रदीप शर्मा संयोजक IQAC
(3) डॉ विनीता सिंह चौधरी सदस्य "
(4) डॉ. अम्बना त्रिवेदी " "
(5) डॉ प्रमोद वर्मा " "
(6) डॉ. निवेदिता मुकर्जी " "
(7) डॉ हरभजन खनूजा " "
(8) डॉ जे के परमार " "
(9) डॉ. शाहीन रानी " "

बैठक में निम्नांकित विषयों पर विचार विमर्श एवं कार्यवाही की गई -

(1) दि. 16/03/2021 को IIQA रिपोर्ट NAAC को प्रेषित की गई।
(2) NAAC द्वारा IIQA के संबंध में कुछ अतिरिक्त जानकारी चाही गयी जोकि निम्नानुसार है -
- Ph.D सम्बद्धता संबंधी पत्र
- महाविद्यालय का नाम AISHE की जानकारी में गलत लिखा गया था जिसे सही किया जाना
- Subject Combination संबंधी जानकारी एवं
- Subject Combination संबंधी Self declaration
(3) संयोजक द्वारा बताया गया कि उपर्युक्त जानकारियों के संबंध में सूचनाएँ एवं आवश्यक प्रपत्र/ दस्तावेज एकत्र करके यथाशीघ्र उनका निराकरण किया जायेगा।

प्राचार्य

# IQAC बैठक

दि. 12/07/2021

IQAC समिति की आंतरिक बैठक दि. 12/07/21 को आयोजित की गई जिसमें उपस्थिति निम्नानुसार रही :-

(1) डॉ अनिल शिवानी प्राचार्य

(2) डॉ. प्रदीप शर्मा संयोजक IQAC

(2) डॉ विनीता सिंह चौधरी सदस्य ''

(3) डॉ. अल्पना त्रिवेदी '' ''

(4) डॉ प्रमोद वर्मा '' ''

(5) डॉ. निवेदिता मुकर्जी '' ''

(6) डॉ. हरभजन सलूजा '' ''

(7) डॉ. जे.के परमार '' ''

(8) डॉ शाहीन गनी '' ''

बैठक में निम्नांकित विचार विमर्श एवं कार्यवाही की गयी-

(1) NAAC द्वारा IIQA में B.A. से संबंधित विभिन्न विषयों के Combination की जानकारी चाही गयी है। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन तथा सम्बद्ध वि. वि. बरकतउल्ला वि.वि भोपाल द्वारा B.A. को एक प्रोग्राम में रखा गया है तथा इसके अन्तर्गत विभिन्न विषयों का Combination उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अनुशंसित है। B.A. में प्रवेश लेने वाला छात्र इन दिये गये कुल 33 combinations में से किसी एक का चयन करता है। छात्रों की प्रवेश संबंधी जानकारी विभिन्न combinations के अनुसार उपलब्ध न होकर केवल B.A. के लिए ही उपलब्ध है।

(2) IIQA में चाही गयी विषय संयोजन Subject Combinations को NAAC द्वारा प्रोग्राम माना जा रहा है जबकि उच्च शिक्षा विभाग म.प्र.शासन तथा संम्बद्ध बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में B.A. को एक प्रोग्राम के अंतर्गत रखा गया है। NAAC की IIQA से संबंधित इस Query के संबंध में म.प्र राज स्तरीय नैक प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. उषा नायर को अवगत कराया गया साथ ही मास्टर फैसेलिटेटर व समूह सदस्य डॉ कल्पना सिंह माधव विज्ञान महा- उज्जैन को भी अवगत कराया गया साथ ही उनसे इस संबंध में सुझाव भी लिए गये। डॉ उषा नायर की सलाह पर NAAC बेंगलोर के डा. प्रसाद से इस विषय में सुझाव एवं परामर्श हेतु सम्पर्क का प्रयास किया गया तो उनके कार्यालय द्वारा NAAC Helpdesk से सम्पर्क करने एवं मेल भेजने की सलाह दी गयी।

बैठक 12/07/21

3- Extended Profile में दी गई जानकारियां किस वर्ष से संबंधित है, इस संबंध में नैक बैंगलोर से सम्पर्क किया गया।

4. प्राचार्य तथा IQAC संयोजक द्वारा विभिन्न क्राईटेरिया की तैयारियो की समीक्षा की तथा शेष बचा कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने हेतु सदस्यों को निर्देशित किया गया।

प्राचार्य

दि. 30/7/21

सत्र 2021-22 की नैक के संदर्भ में IQAC द्वारा महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टॉफ की सत्र की प्रथम बैठक आयोजित की गई जिसमें उपस्थित सदस्यों की हस्ताक्षरयुक्त सूची संलग्न है। बैठक में नैक SSR के संदर्भ में की जा रही तैयारियों से स्टॉफ को अवगत कराया गया। सभी विभागाध्यक्षों को अपडेट रहने तथा सभी वांछित जानकारियां सप्रमाण समय पर IQAC को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। इस हेतु विभागाध्यक्षों एवं विभिन्न समितियों के प्रभारियों को जानकारी प्रारूप प्रदान किए गये। भरी हुई जानकारी के प्रारूप तथा प्रमाण दस्तावेज एक सप्ताह के अन्दर IQAC में जमा करने हेतु प्राचार्य महोदय द्वारा निर्देशित किया गया।

[signature]

प्राचार्य

बैठक (Plan of Action 2021-22) दि: 03/08/2021

दि. 03/08/21 को IQAC की बैठक का आयोजन IQAC कक्ष में किया गया। बैठक का एजेण्डा सत्र 2021-22 के प्लान ऑफ एक्शन (Plan of Action) का निर्धारण करना था। बैठक में IQAC के सभी सदस्यों एवं प्राचार्य की उपस्थिति में प्लान ऑफ एक्शन का निर्धारण निम्नानुसार किया गया -

1- दिनांक 02/08/21 को IIQA अंतिम रूप से सबमिट हो चुकी है तथा NAAC पोर्टल के होम पेज पर IIQA Approved का नोटिफिकेशन आगया है।

2- IIQA जमा होने के 45 दिनों के अन्दर SSR सबमिट करना आवश्यक है। अतः इस संबंध में IQAC संयोजक द्वारा SSR के विभिन्न क्राईटेरिया प्रभारियों से चर्चा कर उनकी कार्यप्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया कि सभी प्रभारी अपनी जानकारी को NAAC पोर्टल पर SSR में अपलोड करें ताकि निर्धारित समय सीमा में SSR भेजी जा सके।

3- सत्र 2021-22 के प्लॉन आफ एक्शन (Plan of Action) पर विचार विमर्श करके भावी योजना निम्नानुसार तैयार की गई -

- पूर्व छात्र (Alumni) संगठन के सदस्यता फार्म को महाविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करना।
- महाविद्यालय में स्थापित सोलर एनर्जी सिस्टम के दूसरे हिस्से को शीघ्र चालू करवाना।
- छात्रों की सुविधा के लिए फोटोकापी की व्यवस्था क्रीड़ा विभाग के माध्यम से करना।
- महाविद्यालय में अधिक से अधिक Value-Added Course तथा योगा संबंधी कोर्स प्रारम्भ करने हेतु विभागाध्यक्षों को प्रेरित करना
- विभिन्न विषयों के विभागाध्यक्षों को प्रोजेक्ट इन्टर्नशिप हेतु MOU करने हेतु निर्देशित करना। नई शिक्षा नीति को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक है।
- महाविद्यालय में पूर्व में वर्ष 2018-19 में B.C.A. के छात्रों के लिए TALLY कोर्स आयोजित किया गया था, जिसे छात्रों द्वारा काफी पसंद किया गया। इसी को दृष्टिगत रखते हुए पुनः सभी छात्रों के लिए Tally सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ करने हेतु म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग को प्रस्ताव भेजा गया। जिसे शासन द्वारा स्वीकृत करके अनुमति प्रदान की गई।
- विभिन्न पक्षों के फीडबैक की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए विभागाध्यक्षों, एन.एस.एस. प्रभारी, एन.सी.सी. प्रभारी तथा क्रीड़ा अधिकारी को

- प्रस्तावित किया गया कि नयी शिक्षा नीति (N.E.P.) की पाठ्यक्रम योजना को विअध्ययन मण्डल के सदस्यगण Induction Programme के माध्यम से छात्रों को सरल तरीके से जानकारी दे।
- सभी विभागाध्यक्षों को अवगत कराया जाए कि सभी Programme Outcomes को नोटिस बोर्ड (विभागीय) पर डिस्पले करने के साथ-साथ कक्षा में छात्रों को भी बताया जाए।
- सभी शिक्षकों द्वारा Smart Class Room का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए, ऐसा प्रयास किया जाए।
- Slow Learner तथा Advance Learner का प्रत्येक कक्षा में पता लगाया जाए तथा इनका पता लगाने की विधि का समुचित रिकार्ड रखा जाए।
- सभी शिक्षकों की प्रोफाईल तथा दस्तावेजों को अद्यतन करना
- विभागीय पुस्तकालयों को व्यवस्थित करना, संबंधित रजिस्टरों को अद्यतन करना
- Students Satisfaction Survey (SSS) हेतु बनाए गए ग्रुपों को लगातार फालो-अप करते रहने हेतु निर्देशित करना
- नैक पीयर टीम के दौरे को दृष्टिगत रखते हुए Research Hub बनाया जाए जिसमें रिसर्च संबंधी गतिविधियां संचालित हो।
- महाविद्यालय की पत्रिका 'प्रतिभा' तथा न्यूजलेटर 'दर्पण' के लेखन में छात्रों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना।
- साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा अधिक से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं ताकि अधिक छात्रों की भागीदारी हो सके।
- महाविद्यालय द्वारा अभी तक जो भी M.O.U किए गए हैं, उनसे संबंधित गतिविधियां करायी जाए
- रिसर्च को बढावा देने के हेतु सभी विषयों / विभागों में अधिक-से अधिक वेबीनार आयोजित किए जाएं।
- पूर्व-छात्रों (Alumni) की चर्चा वर्तमान अध्ययनरत से करायी जाए ताकि उनके अनुभवों का लाभ छात्र ले सकें।
- NAAC टीम विजिट की तैयारी को दृष्टिगत रखते हुए कैंपस मेंटेनेंस, सफाई इत्यादि कार्य तत्परता से किया जाए। इस हेतु संबंधित समितियों को अवगत कराना।
- वर्ष की Best Practice तथा Distinctiveness को निर्धारित करना। इस हेतु एक बैठक का आयोजन किया जाए।
- महाविद्यालय की मुख्य लाइब्रेरी को व्यवस्थित किया जाए। सभी रजिस्टर अद्यतन किए जाएं तथा इधर-उधर ढेर लगी हुई पुस्तकों को व्यवस्थित रूप से अलमारियों में रखा जाये। सभी रिकार्ड को उचित रूप से व्यवस्थित करना आवश्यक है।

- सभी समितियां प्रति माह गतिविधियों का संचालन करे तथा रजिस्टर में रिकॉर्ड संधारण करें। उपस्थित छात्रों के हस्ताक्षर ले।
- संयोजक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करने के उपरान्त सभा समाप्ति की घोषणा की गई।

उपस्थित सदस्य

| | | |
|---|---|---|
| डा अनिल तिवारी | प्राचार्य | [signature] |
| डॉ प्रदीप शर्मा | संयोजक IQAC | [signature] |
| डॉ विनीता सिंह चौधरी | सदस्य IQAC | [signature] |
| डा अपर्णा त्रिवेदी | " " | [signature] |
| डा हरभजन कौर खनूजा | " " | [signature] |
| डा निवेदिता मुखर्जी | " " | [signature] |
| डॉ प्रमोद वर्मा | " " | [signature] |
| डॉ जे.के. परमार | " " | [signature] |
| डा शाहीन गनी | " " | [signature] |

IQAC बैठक 21-09-2021

आज दि. 21-09-21 को दोपहर 12:00 बजे IQAC की बैठक आयोजित की गई जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित रहे -

1- डॉ. अनिल शिवानी प्राचार्य
2- डॉ. प्रदीप शर्मा संयोजक IQAC
3- डॉ विनीता सिंह चौधरी सदस्य IQAC
4 - डॉ अल्पना त्रिवेदी सदस्य IQAC
5 - डॉ निवेदिता मुकर्जी सदस्य IQAC
6 - डॉ प्रमोद वर्मा सदस्य IQAC
7 - डॉ हरभजन कौर सलूजा सदस्य IQAC
8 - डॉ जे के परमार सदस्य IQAC
9 - डॉ शाहीन गनी सदस्य IQAC
10 डॉ सुमंगला पटैरिया —"—

बैठक का उद्देश्य SSR जमा करने के पश्चात की गतिविधियों पर विचार विमर्श करना था। दि. 15/9/21 को महाविद्यालय की SSR जमा की गई।

- चूंकि SSR जमा हो गई है, अतः अब छात्र संतुष्टि सर्वे (SSS) का कार्य NAAC द्वारा प्रारंभ किया जायेगा। इस हेतु उचित कार्य-योजना तैयार करना आवश्यक है।
- SSS हेतु महाविद्यालय में कार्यरत शैक्षणिक स्टॉफ के सदस्यों को छात्रों सूची प्रदान की गई ताकि वे उन छात्रों का वाटसएप ग्रुप बनाकर उनसे सम्पर्क करें एवं NAAC SSS के बारे में छात्रों को जानकारी प्रदान करें।
- विचार विमर्श के उपरांत विभागाध्यक्षों एवं प्राचार्य स्तर पर NAAC टीम के दौरे की तैयारी हेतु कार्ययोजना तय की गई।
- विभागाध्यक्षों द्वारा की जाने वाली मुख्य तैयारियों में विभागीय गतिविधि का रिकार्ड संधारण, विभागीय कोर्स के आउटकम्स को सूचना पटल पर लगाना, विभागीय पाठ्यक्रम की उपलब्धता सुनिश्चित करना, विगत 5 वर्षों के छात्रों की जानकारी का प्रदर्शन, प्रत्येक शिक्षक की प्रोफाईल तैयार करना, SWOC तैयार करना तथा विभाग की समस्त गतिविधियों एवं उपलब्धियों को दर्शाते हुए सारगर्भित PPT तैयार करना शामिल है।
- इस संदर्भ में प्राचार्य / महाविद्यालय स्तर पर की जाने वाली तैयारियों की कार्ययोजना तथा विभिन्न समितियों द्वारा की जाने वाली तैयारियों की कार्ययोजना भी निर्धारित की गई।
- यह तय किया गया कि प्राचार्य की अध्यक्षता में संपूर्ण स्टॉफ की एक बैठक आयोजित की जाए जिसमें SSR के पश्चात की गतिविधियों के संबंध में सभी सदस्यों को अवगत कराया जाए।

24.09.21

बाह्य आमंत्रित सदस्यों के साथ IQAC बैठक -

IQAC की एक बैठक बाह्य आमंत्रित सदस्यों के साथ दिनांक 24.09.21 को दोपहर 12.00 बजे IQAC कक्ष में आयोजित की गयी जिसमें उपस्थिति निम्नानुसार रही -

1 - डा. अनिल शिवानी प्राचार्य
2 - श्री संजय जैन उद्योगपति (आमंत्रित सदस्य)
3 - श्री सुरेन्द्र मित्तल उद्योगपति (आँमंत्रित सदस्य)
4 - अंकिता जैन
5 - डा. प्रदीप शर्मा संयोजक (IQAC)
6 - डा. विनीता सिंह चौधरी सदस्य IQAC
7 - डा. अल्पना त्रिवेदी "
8 - डा. निवेदिता मुकर्जी "
9 . डा. हरभजन कौर खनूजा "
10 . डा. जितेन्द्र परमार "
11 . डा. प्रमोद वर्मा "

आज दिनांक 24.9.21 को IQAC के सदस्यों तथा बाह्य आमंत्रित सदस्यों की बैठक आयोजित की गयी जिसकी कार्यवाही विवरण इस प्रकार है -

1) बाह्य सदस्यों को IQAC समन्वयक द्वारा दिनांक 15.9.21 को भेजी SSR की स्थिति से अवगत करवाया गया। साथ ही उन्हें
2) यह भी बताया गया की छात्र संतुष्टि सर्वे प्रारंभ हो चुका है जो दिनांक 16.10.21 तक सम्पन्न होगा।
2) बाह्य सदस्यों द्वारा छात्रों हेतु औद्योगिक भ्रमण एवं कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया
3) बाह्य सदस्यों ने छात्रों के उचित प्लेसमेंट हेतु सुझाव दिये कि छात्रों को ट्रेनिंग प्रदान की जाय तथा कौशल विकास क्षेत्र से विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित करके छात्रों को मार्गदर्शन दिलवाया जाय।
4) नई शिक्षा में छात्रों को अधिक से अधिक जॉब ओरिएन्टेड कोर्स के प्रति जागरूक करने हेतु भी आमंत्रित सदस्यों ने सुझाव दिये।

अंत में IQAC संयोजक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

बैठक 27/9/2021

आज दिनांक 27/9/2021 को प्राचार्य कक्ष में IQAC की बैठक सायं 4.00 बजे सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार थी –

(1) डॉ. अनिल शिवानी प्राचार्य
(2) डॉ प्रदीप शर्मा संयोजक IQAC
(3) डा विनीता सिंह चौधरी सदस्य IQAC
(4) डॉ अल्पना त्रिवेदी सदस्य IQAC
(5) डॉ प्रमोद वर्मा
(6) डॉ. हरभजन कौर खनूजा
(7) डॉ. निवेदिता मुखर्जी
(8) डॉ. शाहीन ग़नी
(9) डॉ जे के परमार

बैठक प्राचार्य की अध्यक्षता में शुरू हुई। बैठक में IQAC द्वारा नैक पियर टीम के निरीक्षण के पूर्व की जाने वाली आवश्यक तैयारी के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। IQAC संयोजक द्वारा इस सम्बंध में विभागाध्यक्षों, विभिन्न समितियों के प्रभारी तथा महाविद्यालय स्तर पर की जाने वाली तैयारियों से अवगत कराया गया।

इस बैठक में प्राचार्य द्वारा निर्देशित किया गया कि इस हेतु स्टॉफ के सभी सदस्यों की बैठक का आयोजन करके इसकी व्यापक जानकारी प्रदान की जाए।

प्राचार्य